## LOK SABHA

*Tuesday, November 28, 1978/Agrahayana, 1900 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

### Passenger Trains suspended for Shortage of Coal

‡*121. SHRI MEETHA LAL PATEL: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to lay a statement showing:

(a) the total number of passenger trains suspended in the country at present on account of the shortage of coal and whether a list thereof, State-wise and zone-wise will be laid on the Table of the House;

(b) whether it is a fact that most of these suspended trains are those passenger trains which stop at small stations and if so, the reasons therefor and the number of passenger and express trains out of the total suspended trains, separately;

(c) whether Agra Fort-Kota passenger train, is also one of the suspended trains, in the absence of which no passenger train is available in day time at many stations falling in between and if so, the reasons therefor; and

(d) whether in order to resolve the aforesaid problem, Government propose to resume the suspended trains and if so, by what time and if not, the reasons therefor?





**रेल मंत्री (प्रो० मधु दंडवते) :** (क) और (ख). एक विवरण सभा-पटल पर रख दिया गया है, जिसमें रद्द की गयी गाड़ियों की जोनवार संख्या बतायी गयी है। रद्द की गयी गाड़ियों की राज्यवार सूची रेलों द्वारा नहीं बनायी जाती। गाड़ियों को रद्द करते समय, विभिन्न खण्डों पर यातायात के घनत्व का मूल्यांकन किया जाता है। केवल वे ही गाड़ियां रद्द की जाती हैं जिनमें कम यात्री यात्रा करते हैं और जहां वैकल्पिक सेवाएं उपलब्ध होती हैं, ताकि यात्रियों को कम से कम असुविधा हो।

(ग) 83/84 सवारी गाड़ी, जिसे कोयले की कमी के कारण रद्द कर दिया गया था, आगरा फोर्ट और बयाना के बीच 21-7-78 से आंशिक रूप से और अपने सम्पूर्ण चालन-क्षेत्र पर 30-10-78 से पूर्ण रूप से चला दी गयी है।

(घ) जो गाड़ियां कोयले की कमी के कारण रद्द की गयी हैं, कोयले के स्टाक की स्थिति में सुधार होते ही उन्हें पुनः चला दिया जायेगा।

**विवरण**

**24-11-78 को रद्द जोड़ी गाड़ियों की संख्या**

| रेलवे | बड़ी लाइन | |
|---|---|---|
| | मेल/एक्सप्रेस | सवारी |
| पूर्व | — | 1 |
| उत्तर | 2 | 59 |
| पूर्वोत्तर | 1 | — |
| पूर्वोत्तर सीमा | — | 2 |
| दक्षिण | — | 2 |
| दक्षिण-मध्य | — | 5 |
| दक्षिण-पूर्व | 2 | 7 |
| पश्चिम | — | 2 |
| जोड़ | 5 | 78 |

मीटर लाइन

| मेल/एक्सप्रेस | सवारी | जोड़ |
|---|---|---|
| — | — | 1 |
| 2 | 13 | 76 |
| — | 46 | 48 |
| — | — | 2 |
| 2 | 50 | 54 |
| — | 1 | 6 |
| — | — | 9 |
| — | 15 | 17 |
| 4 | 126 | 213 |

**श्री मीठालाल पटेल** : माननीय मंत्री जी ने अपने उत्तर के (क) और (ख) भाग में बतलाया है कि गाड़ियों को रद्द करते समय विभिन्न खण्डों पर यातायात के घनत्व का मूल्यांकन किया जाता है। केवल वे ही गाड़ियां रद्द की जाती हैं जिन में कम यात्री यात्रा करते हैं। "यह बात बिलकुल गलत है। छोटे स्टेशनों पर सुबह से शाम तक कोई गाड़ी नहीं मिलती है, विशेषकर उन गाड़ियों को बन्द किया गया है जो गांवों के छोटे स्टेशनों पर रुकती थीं। आप के विवरण के अनुसार जिन 213 गाड़ियों को बन्द किया गया है, उन में केवल 9 गाड़ियां ऐसी हैं जो एक्सप्रेस हैं। बाकी गाड़ियां सब छोटे स्टेशनों पर चलने वाली बंद की हैं। आप एक्सप्रेस गाड़ियों को क्यों नहीं रोकते बजाये छोटे स्टेशनों पर चलने वाली गाड़ियों के ? इस से छोटे स्टेशनों से जो यात्री सफर करते हैं, उनको ही सारा नुकसान होता है। आप बड़े आदमियों की गाड़ियां क्यों नहीं बंद करते ?

**प्रो० मधु दंडवते** : मान्यवर, यहां बड़े और छोटे का सवाल नहीं है। अगर ट्रंक रूट पर, मेन रूट पर गाड़ियां बन्द करनी शुरू कर देंगे तो जो कमोडिटीज का यातायात होता है, वह यातायात बंद हो जाएगा और जो स्टील इंडस्ट्रीज हैं या और इंडस्ट्रीज हैं, उनको तकलीफ हो जाएगी और इस से बेरोजगारी हो जाएगी। इन सब बातों का ख्याल कर के ही, जहां यातायात कम है, डेंसिटी कम है, वहां हम यह करते है जिस से कि कम से कम लोगों को असुविधा हो।

मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि एनर्जी मिनिस्ट्री ने हमें बताया है कि जनवरी तक स्टीम कोल की सप्लाई—जो कम हुई है—ठीक हो जाएगी और उस के बाद जो गाड़ियां बंद हुई हैं वे सब शुरू हो जाएगी।

**श्री मीठालाल पटेल** : आप एक्सप्रेस गाड़ियों को कोयले की कमी की वजह से डीजल इंजन से चला रहे है। आप उन गाड़ियों में डीजल इंजन बढ़ाते जा रहे हैं क्योंकि डीजल इंजन की काफी संख्या आपके पास है। कोयले की कमी की वजह से जो गाड़ियां आप बंद कर चुके हैं क्या उनको डीजल इंजन से चलाने की व्यवस्था करेंगे ?

दूसरे मैं यह जानना चाहता हूं कि ये जो 213 गाड़ियां आपने बंद कर रखी हैं, क्या आपकी धारणा इन गाड़ियों को स्थायी रूप से बंद करने की नहीं है, कोयले की कमी तो बहाना मात्र है ? कोयला विभाग आप से कहता है कि वैगनों की कमी के कारण वह कोयला पर्याप्त रूप से नहीं भेज रहा है और आप कहते हैं कि कोयला नहीं मिल रहा है।

**प्रो० मधु दंडवते**: मान्यवर डीजल इंजनों के बारे में मैं कई मर्तबा इस सदन को बता चुका हूं कि डीजल इंजनों की कमी होने के कारण हम लोगों को प्राथमिकता तय करनी पड़ती है। माल का यातायात महत्वपूर्ण है क्योंकि उसका ताल्लुक इंडस्ट्रीज से होता है। मैं फिर से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि हमारे पास 8,263 स्टीम इंजन हैं 1,900 डीजल इंजन हैं और 844 इलेक्ट्रिक इंजन हैं। हम ने इनका बंटवारा इस प्रकार से किया है— 60 परसेंट पेसेंजर ट्रेफिक स्टीम इंजन से चलता है, 20 परसेंट डीजल इंजन से चलता हैं और 20 परसेंट इलेक्ट्रिक ट्रेंस से चलता है। जहां तक गुडस ट्रेफिक का ताल्लुक है, वह 22 परसेंट हम लोगों को स्टीम इंजन से चलाना पड़ता है, 54 परसेंट हम डीजल इंजन से चलाते हैं और 24 परसेंट इलेक्ट्रिक से चलाते हैं।

आखिर में मैं उनको बताऊं, जैसा कि उन्होंने कहा कि हम कोयले की कमी का बहाना बना कर गाड़ियां बंद कर रहे हैं, गाड़ियां बंद करने से हम को क्या फायदा है? हम तो सचमुच में ज्यादा आमदनी चाहते हैं, ज्यादा यातायात चाहते हैं और ज्यादा पेसेंजर्स चाहते हैं।

MR. SPEAKER: The answer need not be equally as long as the question.

PROF. MADHU DANDAVATE: He has asked the question. Let him, sit down and let him be satisfied himself. I am telling that today our position is such that because of that shortfall we are getting about 4000 tonnes less per day and whenever this is restored, the trains will be restored.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI: Sir, there is a ding-dong battle going on between the Ministry of Energy and the Ministry of Railways. The Ministry of Energy says that they have plenty of coal. The Railways say that they have not been able to take coal....

MR. SPEAKER: There is contradiction.

SHRI MOHD. SHAFI QURESHI: Sir, I would like to know from the hon. Minister—there are 9 Railway zones—what is the normal inventory of coal of each zonal railway? How many days' stock is kept in each Railway? What is the staff position today?

PROF. MADHU DANDAVATE: Sir, he has asked a specific question and I will give specific answer. I will give the position zone-wise regarding the exact requirement of wagon loads per day availability per day and the shortfall.

I am giving you the description of coal in terms of wagons

| Month | in BC 4 wheelers per day | | |
|---|---|---|---|
| | Requirement | Loading | Shortfall |
| April | 1600 | 1533 | 67 |
| May | 1600 | 1463 | 137 |
| June | 1600 | 1388 | 212 |
| July | 1600 | 1466 | 134 |
| August | 1600 | 1475 | 125 |
| September | 1600 | 1412 | 188 |
| October (Maximum) | 1600 | 1349 | 251 |

Only upto 8th November, the requirement was 1600 and 1471 wagons were available per day. Therefore, the shortfall is going down. By January, it will be all right.

श्री डी० एन० तिवारी : मंत्री जी ने बताया है कि कोयले की कमी के कारण बहुत सी गाड़ियां बंद करनी पड़ी हैं। उनका खर्चा बराबर लगता ही होगा। मैं जानना चाहता हूं कि इन गाड़ियों के बन्द होने से [कितना लाभ हुआ और अन्त में कैसे वह इसको मेक अप करेंगे ?

श्री मधु दण्डवते : पिछले दिनों जो ट्रैंज कैंसल हुई हैं इसकी वजह से 2.9 करोड़ का नुकसान हुआ है। मैं बता चुका हूं कि टोटल 213 ट्रैंज जिसमें एक्सप्रेस और पैसेंजर भी हैं बन्द करनी पड़ी हैं। उम्मीद है कि जनवरी तक शायद सब ठीक हो जाए क्यों कि एनर्जी मिनिस्टर ने इसका आश्वासन दिया है। उनमें और हम में कोई झगड़ा नहीं है। उन्होंने कहा है कि कोल एवेलेबल है। लेकिन वह स्लेक कोल है। स्टीम कोल के बारे में एनर्जी मिनिस्टर ने भी माना है कि उसकी कमी है। आज हालत ऐसी है कि 2.6 डज का स्टाक सिर्फ हमारे पास है।

## Reserve of Crude Oil Gas and Petroleum Products

*122. SHRI MANORANJAN BHAKTA: Will the Minister of PETROLEUM, CHEMICALS AND FERTILIZERS be pleased to state:

(a) whether Government have recently made an assessment about the